**Seventeenth Loksabha**

an>

Title: The Speaker made a tragic reference to the loss of Lives of General Bipin Rawat, CDS and other Armed Forces personnel in an unfortunate crash of Military Helicopter on 8.12.2021.

**माननीय अध्यक्ष** : माननीय सदस्यगण, मैं अपनी ओर से तथा पूरे सदन की ओर से भारत के प्रथम चीफ आफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत जी तथा उनकी पत्नी श्रीमती मधुलिका रावत की हेलिकॉप्टर दुर्घटना में दुखद मृत्यु पर शोक व्यक्त करता हूं । देश के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ के रूप में जनरल बिपिन रावत ने हमारे देश की प्रतिरक्षा व्यवस्था में मूलभूत परिवर्तन लाने में अपना अमूल्य योगदान दिया था । उन्हें राष्ट्र के प्रति तथा अपने सैनिकों के प्रति समर्पण एवं प्रतिबद्धता के लिए सदैव याद रखा जाएगा । दिवंगत पुण्यात्माओं को हमारी विनम्र श्रद्धांजलि ।

मैं सदन की ओर से इस दुर्घटना में वीरगति को प्राप्त हमारी सशस्त्र सेना के वीर सैनिकों, ब्रिगेडियर लखविंदर सिंह लिड्डुर, स्टाफ ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल हरजिंदर सिंह, विंग कमांडर पृथ्वी सिंह चौहान, स्क्वाड्रन लीडर कुलदीप सिंह, जूनियर वारंट आफिसर राणा प्रताप दास, जूनियर वारंट आफिसर अरक्कल प्रदीप, हवलदार सतपाल राय, नायक गुरसेवक सिंह, नायक जितेन्द्र कुमार, लांस नायक विवेक कुमार, लांस नायक बी. साई तेजा के प्रति भी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ । सभा इस दुर्घटना में गम्भीर रूप से घायल ग्रुप कैप्टन वरुण सिंह के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती है । सभा की ओर से मैं सभी वीर सैनिकों के परिजनों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूँ तथा ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि उन्हें इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति दे । अब सभा दिवंगत पुण्यात्माओं के सम्मान में कुछ देर मौन रहेगी ।

*The Members then stood in silence for a short while.*

**माननीय अध्यक्ष** : ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ।